संक्षिप्त

परीक्षा 2025 का आयोजन 15 जून को

भीलवाड़ा। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा की ओर से भीलवाड़ा सहित पूरे प्रदेश में 15 जून 2025 को पी.टी.ई.टी एवं प्री.बी.एड./बी.एस.सी. परीक्षा 2025 का आयोजन किया जायेगा परीक्षा को लेकर समस्त तैयारिया पूर्ण कर ली गयी है। भीलवाड़ा जिले के जिला समन्वयक डॉ. सावन कुमार जांगीड़ ने बताया कि यह परीक्षा भीलवाड़ा के 15 परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित की जायेगी, जिसमें कुल 5509 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे जिसमें से दो वर्षीय पी.टी.ई.टी में 3767 अभ्यर्थी 9 राजकीय केन्द्रो में तथा चार वर्षीय इनटीटोटेड कोर्स प्री.बी.एड./बी.एस.सी. में 1742 अभ्यर्थी परीक्षा में 06 निजी केन्द्रो में परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा तथा परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों का प्रवेश प्रातः 9.15 बजे से 10.30 बजे तक है इसके पश्चात् परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नही दी जायेगी। डॉ. जांगीड़ ने बताया कि परीक्षा में अनुचित साधनो की रोकथाम और डमी अभ्यर्थीयो के सम्मिलित होने से रोकने के लिये विशेष इन्तजाम किये गये है जिसमें फेश पहचान और बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था की गयी है। निगरानी के लिये परीक्षा केन्द्रो पर कैमरे लगवाये गये है जिनकी लाईव कमाण्ड सेन्टर कोटा में की जा रही है। अभ्यर्थीयों को परीक्षा में प्रवेश पत्र, फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र और निला/काला पारदर्शी बॉल पेन लाना अनिवार्य है इसके अभाव में परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश वर्जित रहेगा।

किसानों का धरना जारी

भीलवाड़ा। भारतीय किसान संघ तहसील कोटड़ी, सवाईपुर एवं बड़लियास के अफीम किसानों द्वारा जिला अफीम आयाम प्रमुख रामपाल जाट के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम डोडाचूरा नष्टीकरण के संबंध में धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन दिया गया। धरने में सवाईपुर, खजीना, आकोला, होलिरड़ा, सोपुरा, ककरोलिया माफी, बड़ला, बनकाखेड़ा, सहित आसपास के 19 गांवों के दर्जनों किसान उपस्थित रहे। तहसील उपाध्यक्ष शैतान गूजर, जिला मंत्री लादूलाल जाट, सवाईपुर तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल कुम्हार एवं प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट ने धरने को संबोधित किया और कहा कि डोडा चूरा का मुआवजा नहीं तो नष्टीकरण नहीं।

मासिक भरण-पोषण देने के आदेश

नसीराबाद, (निसं)। तेली कुम्हार मोहल्ला निवासी श्यामलाल प्रजापत व पत्नी सीता देवी को उपखंड मजिस्ट्रेट न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। वृद्ध दंपती ने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण कल्याण अधिनियम के अंतर्गत अपने पुत्रों के खिलाफ याचिका दायर कर भरण-पोषण की मांग की थी, जिस पर न्यायालय ने उनके पक्ष में निर्णय सुनाते हुए 6 हजार रुपये मासिक भरण-पोषण राशि देने के आदेश पारित किए। विस्तृत सुनवाई के बाद उपखंड मजिस्ट्रेट देवीलाल यादव ने दोनों पक्षों को सुनकर अंतिम आदेश पारित किया, जिसके तहत मनोज को अपने वृद्ध माता-पिता को 6 हजार रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण राशि अदा करने के निर्देश दिए गए। न्यायालय से न्याय मिलने पर वृद्ध दंपती ने संतोष जताते हुए न्यायपालिका का आभार व्यक्त किया।

विद्यार्थी सम्मान समारोह 22 जून को

अजमेर। स्वामी हिरदाराम जी के प्रेरणा से सांई बाबा मन्दिर ट्रस्टए शान्तात्मा व्यास एवं मेघीतुलसी किशनानी स्मृति संस्थानए अजमेर व स्वामी समूह के संयुक्त तत्वाधान 20 वर्षों से आयोजित 38वां प्रतिभावान सम्मान समारोह में राजस्थान बोर्ड और सीबीएसई परीक्षा 10वीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जायेगा। संयोजक कंवल प्रकाश ने बताया कि 12वीं की परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को 22 जूनए 2025 को रसोई बैक्वेट हॉलए स्वामी कॉम्प्लेक्सए अजमेर पर आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया जायेगा। विद्यार्थियों में टॉप टेन आने वाले छात्र.छात्राओं को अभिनन्दन पत्रए स्मृति चिन्हए ज्ञाववर्धक पुस्तकें व 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया जायेगा। हरी चंदनानी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन विद्यार्थियों ने 10वीं सीबीएसई व राजस्थान बोर्ड में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये है वे सर्व समाज वर्ग के विद्यार्थी अपनी मार्कशीट की फोटो कॉपी के साथ सादे कागज पर हिन्दी में अपना नाम, पता, स्कूल का नाम लिखे।

आधुनिक व सुविधाजनक बनेगा रेलवे स्टेशन

- शीघ्र सभी यात्री गाड़ियों का ठहराव होगा
- इन्टैक ने एबीसी के बच्चों को दिखायी ट्रेनों की संचालन तकनीक

ब्यावर (निस) भारतीय सांस्कृतिक निधि इन्टैक द्वारा संचालित अंग्रेजी बोलो क्लब के छात्र-छात्राओं को रेलवे-स्टेशन पर ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था का निरीक्षण कराया। इसके साथ ही रेलवे अधिकारियों ने अमृत योजना के तहत हो रहे स्मार्ट स्टेशन के विकास एवं नवनिर्माण से भी अवगत कराया। स्टेशन पर अभी 32 ट्रेनों का आवागमन हो रहा है तथा शीघ्र ही अन्य अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनों का भी ठहराव प्रक्रियाधीन है जो स्टेशन के जीर्णोद्धार केसाथ ही संभव होने की उम्मीद है। अवलोकन के दौरान स्टेशन मास्टर विनीता पंवार ने बच्चों को सुखद व सुरक्षित ट्रेन यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया तथा इस बात की भी जानकारी दी कि चलती ट्रेन में यदि किसी छात्रा, महिला अथवा यात्री के साथ बदसलूकी अथवा छेडछाड हो रही हो तो हेल्पलाइन से कैसे मदद ली जा सकती है। इस मौके पर सेन्दड़ा के स्टेशन मास्टर परसराम मीणा ने भी अपने कक्ष में लगे कम्प्यूटर स्क्रीन पर ट्रेनों के आवागमन तथा पटरियों पर गाड़ियों की गति, सुरक्षा एवं ऑनलाइन सूचना संकेतकों का विस्तृत ब्यौरा बताया।रेलवे-स्टेशन की विजिट के मौके पर केबीसी विनर एवं ब्यावर के इतिहास शोधार्थी अरुण मंगल ने बताया कि यह स्टेशन दिल्ली-अहमदाबाद मार्ग का एक प्रमुख स्टेशन है जो चार जिलों का सीमावर्ती स्टेशन होने से यात्रियों के आने-जाने के अलावा व्यापारिक केन्द्र के रूप में भी महत्वपूर्ण है। इसका संचालन 1889 में हुआ। इससे पहले यहां राजस्थान की पहली सूती कपड़ा मिल स्थापित हो गई जिससे ब्यावर नगर की 1836 में बसावट के बाद तेजी से यहां कारोबार और व्यावसायिक गतिविधियाँ विस्तार लेने लगी। श्री मंगल ने यह भी बताया कि ब्यावर के रेलवे-स्टेशन भवन का निर्माण बहुत सुन्दर, सुविधाजनक तथा आकर्षक रहा जो आज भी एक धरोहर के रूप में चित्रित किया जाता है।अंठोजी बोलो क्लब के संयोजक स्नेहिल कुमार ने बताया कि इस अवसर पर मोटिवेशनल स्पीकर राम पंजाबी ने बच्चों को ट्रेन, प्लेटफार्म तथा यात्रा शब्दावली के माध्यम से प्रेरक उदबोधन दिया और कहाकि सुखद जीवन यात्रा उसी की है जो पहले अपना लक्ष्य तय करे तथा फिर उसे पाने की योजना का खाका बनावे। इसके बाद उसके सुचारू क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करे तो आपको आपकी मंजिल पर पहुंचना आसान और निर्बाध होगा।इन्टैक कन्वीनर रामप्रसाद कुमावत ने स्टेशन के ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी देते हुए बताया कि समय और जरूरत के साथ अब करीब सवा सौ साल बाद स्टेशन का नया भवन बन रहा है जिसपर करीब साठ करोड़ के खर्च के साथ ही यहां बरसात में पानी भरने की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। उन्होंने सामाजिक सरोकार तथा स्टेशन को हेरिटेज लुक देने हेतु भी उत्तर-पश्चिम रेलवे के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर सुझाव देने का विचार रखा।इस मौके पर इन्टैक के को-कन्वीनर श्याम सुंदर शर्मा ने सभी का आभार जताते हुए शीघ्र ही अनुमति मिलने पर प्लेटफार्म नम्बर दो पर अपने परिवार की ओर से एक जल वाटिका बनवाने की घोषणा की। बाद में सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों व इन्टैक सदस्यों ने अन्नपूर्णा रसोई में भोजन कर व्यवस्थाएं देखी तथा गर्मी में आइसक्रीम का आनन्द लिया। कार्यक्रम में नरेंद्र पारख, उत्तम भण्डारी, अर्जुन सांखला, मदन मोहन मोदी, गोपाल डाणी, बालकिशन गोठवाल, सत्यनारायण अठावाल, मानसिंह चौहान, प्रो. सविता, गुरुचरण, चन्द्रपाल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

पुष्कर के लिए कोरिडोर की घोषणा 127करोड़ रुपए प्रथम चरण में लगेंगे

पुष्कर,(निसं)। राज्य के मुख्यमंत्री आज पुष्कर अपने निर्धारित कार्यक्रम से आधे घंटे लेट पहुंचे। यहां पहुंचने पर उपस्थित जन समूह को मेला मैदान में बताया कि जल है तो कल है इससे लिए जल को बचाना जरूरी है। साथ ही उन्होंने पुष्कर के कोरिडोर की घोषणा की कोरिडोर पर 127करोड़ रुपए व राशि स्वीकृति की है।

हेलीकाप्टर से पुष्कर पहुंचने के बाद। सीधे ब्रह्मा मंदिर पहुंचे यहां पर ब्रह्मा वृद्धों के लिए उद्योग पति मानसिंघा के द्वारा लगाई गई त्ज़ू का उद्घाटन किया। ब्रह्मा मंदिर के दर्शन किए।हालांकि यह त्ज़ू पहले से ही चालू थी लेकिन उद्घाटन आज किया इसके पूर्व भी इसका उद्घाटन किया जा चुका है। इसके बाद मुख्य मंत्री ने मंदिर में ही पौधे लगाए। इसके बाद मेला मैदान में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को संबोधित किया और कहा कि जल है तो कल है। इसलिए जल बचाना जरूरी है। यही से ही ब्रह्म कोरिडोर की घोषणा की ओर बताया कि इसमें 127करोड़ खर्च किए जाएंगे।

ब्रह्म घाट से 1100 महिलाओं की कलश यात्रा को रवाना करेंने की बात की जा रही थी और उन्हें मुख्य मंत्री द्वारा हरि झंडी दिखाने की योजना थी लेकिन महिलाएं सरोवर से कलश में पानी भरकर अलग अलग टुकड़ियों में स्वत ही मेला मैदान पहुंच गई। भीषण गर्मी के कारण दूर गांवों से आई महिलाएं उठकर बीच भाषण में ही जाने लगी जिन्हें महिला पुलिस कर्मी बैठाने लगी लेकिन तब टीके कई महिलाएं चली गई। यहां के बाद मुख्य मंत्री सीधे ब्रह्मा घाट पहुंचे। जहा पर तीर्थ पुरोहित संघ ट्रस्ट ने एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश पाराशर ने तीर्थ पुरोहितों ने सरोवर के पीछे फीडर किनारे बन रही होटलों को सीज करने निर्माण तोड़ने के बाद कही तब ही सरोवर की पवित्रता बचेगी क्योंकि होटलों का परिशिष्ट बहकर आएगा। ओमप्रकाश पाराशर ने नगर परिषद ओर सुरेश सिंह रावत पर आरोप लगाया ओर मीडिया को कवरेज संबोधित किया। सुरेश सिंह रावत पर लगे आरोप का लेकर उनसे कई बार मोबाइल पर बात करने की कोशिश की, रावत के पी ए को अवगत कराया गया लेकिन सुरेश सिंह रावत का अपने ऊपर लगे आरोप को लेकर कोई काल नहीं आया। पूरे कार्यक्रम में मीडिया को हर स्थान पर कवरेज करने से सुरक्षा का हवाला देकर रोका गया। ये पहली बार हुआ है जब इस तरह से मीडिया को रोका गया।

मुख्य मंत्री भजन लाल के इस कार्यक्रम में विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत एवं अजमेर विधायक अनीता भदेल, जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा मौजूद थी।

नवीन कार्यकारिणी का शपथ समारोह

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। मां भारती रक्षा मंच संस्थान का स्थापना दिवस एवं नवीन कार्यकारिणी का शपथ समारोह आर के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित हुआ। काचरिया पीठाधीश्वर डॉ. जयकृष्ण देवाचार्य, भारत माता प्रोजेक्ट संयोजक इंदरचंद राजपुरोहित, युवा समाजसेवी देवाराम तेडवा, सेवा भारती संरक्षक सीताराम बंसल, प्रेस क्लब अध्यक्ष जसवंत सिंह दारा, विष्णुदत्त शर्मा, बालमुकुंद पुरोहित व मंच संरक्षक लक्ष्मीनारायण सोनगरा मंचासीन अतिथि के रूप में मौजूद रहे। काचरिया पीठाधीश्वर डॉ देवाचार्य ने कहा कि मौजूदा समय व परिस्थितियों की मांग है कि हिंदुत्व, संस्कृति व राष्ट्रीय जनजागरण की रक्षा के लिए सर्व हिंदू समाज संगठित रहे।बटेंगे तो कटेंगे पुस्तक के रचयिता भारत माता प्रोजेक्ट संयोजक इंद्रसिंह राजपुरोहित ने कहा की पुस्तक में वर्णित शीर्षक हिंदुत्व की एकता, संस्कृति व संस्कारों की मजबूती एंव राष्ट्रवाद की प्रखर भावना के चलते मौजूदा समय में विशेष मायने रखता हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष दारा, बालमुकुंद पुरोहित व देवाराम तेडवा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थापक अध्यक्ष सोनगरा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर रक्षा मंच की गतिविधियों को विस्तार से बताया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. विनय सिंह चौहान सहित कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। सचिव पवन जोशी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मंच संचालन सुरेश शारदा ने किया। इस दौरान पत्रकार श्याम मनोहर पाठक, प्रो मनोज आर्य, हरकचंद कुमावत, सोनू अगरवाल, रेनू प्रजापत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सार-समाचार

मरणोपरांत देहदान करवाया

बिजयनगर,(निसं)। स्थानीय निवासी रामकिशन कुमावत की माताजी लीलावती कुमावत धर्मपत्नी स्व. गंगाविशन कुमावत के आकस्मिक निधन के पश्चात उनकी इच्छानुसार पार्थिव देह का देहदान कुमावत परिवार द्वारा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अजमेर को भारत विकास परिषद मुख्य शाखा बिजयनगर के सहयोग से करवाया गया। एवम् एंबुलेंस को अजमेर रवाना किया गया। कुमावत परिवार के सदस्य रामकिशन,रवि कुमावत ,रूद्रेश कुमावत, रामचरण,महेश कुमार,नन्दकिशोर द्वारा देहदान किया गया। इस कार्य में भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा के अध्यक्ष एस एन जोशी, सचिव बृजेश बाल्दी, वित्त सचिव विमल भंसाली, ज्ञान चन्द नाहर,वीरचन्द जैन,योगेश कुमार शर्मा,अशोक कुमार शर्मा व प्रीतेश बडोला इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे।

जेएलएन अस्पताल में लगा निशुल्क जांच शिविर

अजमेर, (कासं)। विश्व रक्तदाता दिवस सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के आईएचएमटी विभाग की ओर से एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मरीजों और उनके परिजनों की ब्लड ग्रुपिंग और हिमोग्लोबिन की निशुल्क जांच की गई। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने बताया कि यह आयोजन रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने और रक्तदान के महत्व को समझाने के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। शिविर में मुख्य रूप से आपातकालीन विभाग में आने वाले मरीजों और उनके साथ आए परिजनों की जांच की गई। साथ ही उपस्थित लोगों को रक्तदान के लाभ और प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया गया। आईएचएमटी विभाग के चिकित्सा अधिकारियों और तकनीकी स्टाफ ने इस अवसर पर सेवाएं दीं। उन्होंने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में लोग ब्लड ग्रुपिंग और हिमोग्लोबिन की जांच करवाने पहुंचे और कई लोगों ने आगे चलकर नियमित रक्तदाता बनने की इच्छा भी जाहिर की।

आरोपी को 10 साल का कठोर कारावास

आजमेर। अजमेर की पोस्को कोर्ट संख्या 2 ने नाबालिग से दुराचार के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 61 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। विशिष्ठ लोक अभियोजक संजय कुमार तिवाड़ी ने बताया कि 11 अप्रैल 2024 को पीडिता की मां ने क्लॉक टावर थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को दी शिकायत में पीडित् मां ने बताया कि आरोपी हिमांशु खत्री ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुराचार किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। जांच पूरी होने के बाद 14 जून 2024 को पुलिस ने पोस्को कोर्ट संख्या- 2 में चालान पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 12 गवाह और 28 दस्तावेज साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए गए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी हिमांशु खत्री को विभिन्न धाराओं में दोषी पाया।

मातृ शिशु स्वास्थ्य पर समीक्षा बैठक

अजमेर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर सोमवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आरसीएचओ डॉ.शिंदे स्वाति ने की, इसमें जिले के विभिन्न ब्लॉक्स से आए प्रोग्राम मैनेजर और सुपर वाइजर शामिल हुए। समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की वर्तमान प्रगति की समीक्षा और फील्ड स्तर पर आ रही समस्याओं की पहचान करना था। डॉ.शिंदे ने बताया कि बैठक में मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, नवजात शिशु देखभाल जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। फील्ड कर्मियों ने अपने अनुभव साझा की।

पूर्व मुख्यमंत्री राजे का अभिन्दन

मेड़ता सिटी, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया का सोमवार को खींवसर जाते समय मेड़ता नेशनल हाईवे पर मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया राजे का स्मृति चिन्ह व माला पहना कर अभिनंदन किया गया। मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने बताया कि चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खीवसर की धर्मपत्नी रानीसाहिबा प्रीति कुमारी के स्वर्गवास हो जाने पर शांतवना देने जाते समय पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का मेड़ता जनता द्वारा भव्य स्वागत किया गया इस मौके पर पूर्व विधायक सुखराम मेघवाल, विक्रम जाजड़ा, मौजूद थे।

फायर स्टेशन पर होंगे राहत कार्य संचालित

भीलवाड़ा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ से सुरक्षा एवं त्वरित राहत कार्यों हेतु नगर निगम द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना 15 जून से नगर निगम फायर स्टेशन पर की जा रही है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का फोन नंबर 01482-232660 एवं 101 रहेगा।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिशाषी अभियंता पवन नुवाल (मो. 94139-52042) होंगे। सहायक प्रभारी के रूप में अधिशाषी अभियंता (रोशनी) श्रीमती पूजा गोयल (मो. 96940-92716) को नियुक्त किया गया है।

सहयोग हेतु अन्य तकनीकी एवं अधीनस्थ कार्मिकों को नियुक्त किया गया है, जो दिन-रात ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। नगर निगम द्वारा निर्माण, जनस्वास्थ्य, अग्निशमन, रोशनी, राजस्व, गैराज, अतिक्रमण आदि सभी शाखाओं के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सभी नालों, सड़कों व पाइप लाइनों की मरम्मत एवं सफाई कार्य 20 जून से पूर्व पूर्ण करना, बाढ़ संभावित क्षेत्रों से मलबा हटाना और चेतावनी बोर्ड लगाना, फायर स्टेशन पर बचाव उपकरण जैसे बोट, लाइफ जैकेट, फावड़े, पंप, रस्सी, टॉर्च आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करना, निचली बस्तियों में पूर्व चेतावनी देकर सुरक्षित स्थानों पर लोगों को पहुंचाना, कम्युनिटी हॉल, स्कूल एवं सार्वजनिक भवनों को राहत शिविर हेतु चिन्हित करना, साफ-सफाई, कीटनाशक छिड़काव, मृत पशुओं का निस्तारण, जल स्त्रोतों की सुरक्षा एवं खाद्य निरीक्षण की विशेष व्यवस्था। साथ ही, फायर अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, सफाई निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, जमादार, वाहन चालक व अन्य आवश्यक स्टाफ की ड्यूटी सूचीबद्ध कर, मोबाइल नंबर सहित सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित की जाएगी, ताकि आमजन को तुरंत सहायता उपलब्ध हो सके। नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी आपात स्थिति में घबराएं नहीं, नियंत्रण कक्ष या संबंधित अधिकारियों से तुरंत संपर्क करें तथा सहयोग करें। वर्षाकाल में बिना अत्यावश्यक कारण के कोई भी अधिकारी/कर्मचारी अवकाश पर नहीं रहेगा।

जीत पर मनाई खुशी

अरांई। पंचायत समिति अरांई के वार्ड संख्या 6 के सदस्य के लिए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। भारतीय जनता पार्टी के मण्डल महामंत्री जतन चौधरी ने बताया कि पंचायतराज उपचुनाव में जीत भाजपा सरकार के जनहित कार्यों और विकास योजनाओं पर जनता की मुहर है। यह सुशासन की जीत है। जनता ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूत किया है। पंचायत समिति सदस्य पद के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अमरी देवी ने कांठोस की प्रत्याशी छोट्यया देवी को 160 मतों से हराकर विजय हासिल की है। इस अवसर पर भाजपा समर्थकों व कार्यकर्ताओं जश्न मनाया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (बिजली), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या** : मं.रे.प्र. (बि.) -10-25-26 **कार्य का नाम** : Electrical work due to improvement of facade of administrative building of ZRTI, Udaipur **अनुमानित लागत** : रू. 34,17,013/- **बयाना राशि** :रू. 68,400/- **ई निविदायें बंद होने की तिथि** : 30.06.25 **निविदा संख्या** : मं.रे.प्र. (बि.)-11-25-26 **कार्य का नाम** : Provision of perpaid energy meter to vendors over Ajmer division. **अनुमानित लागत** : रू. 13,84,508/- **बयाना राशि** : रू. 27,700/- **ई निविदायें बंद होने की तिथि** : 30.06.25 उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता : **www.ireps.gov.in**

661-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

आम सूचना

न्यायालय श्रीमान जिला एवं सैशन न्यायाधीश, अजमेर
दीवानी विविध संख्या 31/2025
दिनेश पाराशर बनाम भारतीय स्टेट बैंक वगै.
दिनेश पाराशर पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा, आयु 56 वर्ष, निवासी 14-ए, अमरदीप कॉलोनी,वैशाली नगर,अजमेर।

..... प्रार्थी

बनाम

1. भारतीय स्टेट बैंक जरिये प्रबन्धक, शाखा पृथ्वीराज मार्ग,अजमेर।
2. भारतीय स्टेट बैंक जरिये प्रबन्धक, शाखा मधुबन ब्रांच,नई दिल्ली।
3. श्रीमती विनीता शर्मा पत्नी श्री के.वी. शर्मा, आयु 58 वर्ष, निवासी सी-5, प्रबन्धक रेल्वे इफको प्लाट, इफको आवला इकाई, आवला बरेली, उत्तरप्रदेश।
4. श्रीमती मीनाक्षी पाराशर पत्नी श्री विजय जैमन, आयु 54 वर्ष,निवासी फ्लेट सं. 82 द्वितीय मंजिल, ट्यूलिप अपार्टमेंट,अक्षय पात्र के पास, जगतपुरा,जयपुर
5. श्रीमती अनीता शर्मा पत्नी श्री नीरज शर्मा, आयु 52 वर्ष, निवासी टी-2/4 डी.एम. कॉलोनी, लोहिया नगर, गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश।

.....अप्रार्थीगण

प्रपत्र वास्ते सूचना-

आम-सूचना

सर्व साधारण को जरिये इस प्रपत्र के सूचित किया जाता है कि दिनेश पाराशर पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा, आयु 56 वर्ष, निवासी 14-ए,अमरदीप कॉलोनी, वैशाली नगर, अजमेर ने इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अंतर्गत प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी के पिता श्री ओमप्रकाश शर्मा पुत्र श्री आर.एस. पाराशर का देहांत दिनांक 20.07.2014 को हो गया। उनके नाम से एक बचत खाता व दो एफ.डी.आर. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर में कुल जमा राशि 8,75,096/- व ब्याज अक्षरे रूपये आठ लाख पिचहतर हजार छियान्वे रूपये एवं माताजी श्रीमती ललिता पाराशर पत्नी श्री ओमप्रकाश का देहांत दिनांक 01.10.2019 को हो चुका है। उनके नाम से एक बचत खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा ए-81 मधुबन नई दिल्ली में 98,000/- रूपये व ब्याज अक्षरे अट्ठानवे हजार रूपये के बाबत उत्तराधिकर प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त मृतक एवं मृतका की बकाया जमा राशि सहित समस्त लाभ प्राप्त करने के बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई अभिरूचि हैं तो उसे सूचित किया जाता है कि वह इस न्यायालय के समक्ष आगामी तारीख पेशी दिनांक 29.07.2025 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित होकर अपने ऐतराज पेश कर सकते हैं और कार्यवाही मुकदमा में भाग ले सकते हैं। बसख्त मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 31.05.2025 को जारी किया गया है।

वरिष्ठ मुसरिम
जिला एवं सैशन न्यायाधीश,
न्यायालय जिला एवं सैशन न्यायाधीश

दो उचित मूल्य दुकानदारों के प्राधिकार पत्र निलंबित

भीलवाड़ा। जिला रसद अधिकारी भीलवाड़ा अमरेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा दो उचित मूल्य दुकानदारों के विरुद्ध गंभीर अनियमितताओं के आरोप सिद्ध होने पर उनके प्राधिकार पत्रों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

प्रथम प्रकरण में, परिवादी हेमेन्द्र धाकड़ निवासी रोपा, तहसील जहाजपुर, जिला भीलवाड़ा द्वारा प्रस्तुत परिवाद के आधार पर प्रवर्तन अधिकारी श्रीमती वंदना मीणा द्वारा की गई जांच में उचित मूल्य दुकानदार सत्यनारायण शर्मा, निवासी रोपा, तहसील जहाजपुर (पॉस कोड 3916) के विरुद्ध वितरण प्रणाली में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने पर राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ (वितरण का विनियमन) आदेश, 1976 की धारा 8 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सत्यनारायण शर्मा को जारी प्राधिकार पत्र को तत्काल प्रभाव से अठिाम आदेश तक निलंबित कर दिया गया है। अस्थाई वितरण व्यवस्था बनाए रखने हेतु भागचन्द जैन, उचित मूल्य दुकान बागूदार (पॉस कोड 3853), मोबाईल नं. 9413862138 को अधिकृत किया गया है। द्वितीय प्रकरण में, उपखण्ड अधिकारी आसीन्द के माध्यम से प्राप्त परिवाद एवं ऑनलाईन ट्रांजेक्शन विवरणों के अनुसार, उचित मूल्य दुकानदार अशोक कुमार अठावाल, वार्ड नं. 32, आसीन्द (पॉस कोड 16855) द्वारा परिवादी पूरणमल चौधरी, निवासी धौली, के राशन कार्ड पर दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 के मध्य फर्जी तरीके से आधार ओटीपी एवं फर्जी फिंगरप्रिंट के माध्यम से श्रीमती निरमा (पत्नी) के नाम पर कुल 270 किलोठाम गेहूं का गबन किया गया। जांच में उक्त गबन एवं वितरण अनियमितताएं प्रमाणित पाई गईं। फलस्वरूप अशोक कुमार अठावाल का प्राधिकार पत्र भी तत्काल प्रभाव से अठिाम आदेश तक निलंबित कर दिया गया है। अस्थाई वितरण की व्यवस्था हेतु मेवाराम खटीक, उचित मूल्य दुकान को अधिकृत किया गया है।

लाउडस्पीकर बजाने पर हो कडी कार्रवाई

भीलवाड़ा। पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव को पत्र लिखकर एवं जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए शादी-समारोहों व अन्य कार्यकमों के दौरान मुख्य मार्गों पर बिन्दौली आदि में मिनि पिकअप व टेम्पो में बड़े-बड़े स्पीकर अत्यधिक तेज आवाज में बजाये जाते हैं जिससे मकानों की खिड़कियों में कंपन के साथ ही हृदयरोगियों को इससे काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।जाजू ने कहा कि अस्पताल जैसे इलाकों में भी ध्वनि प्रदूषण गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की धड़कन बढ़ा रहा है।

पिकअप चालकों द्वारा ट्रैफिक नियमों को ताक में रखकर वाहनों में मनमाना बदलाव किया जा रहा है वहीं टू व्हीलर वाहनों में नियम विरुद्ध कानफोड़ू आवाज वाले साइलेंसर लगाए जा रहे हैं। जिससे बच्चों, बुजुर्गों, अस्पताल में भर्ती रोगियों, आमजन एवं पढ़ने वाले विद्यार्थियों को खासकर दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जाजू ने तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने वालों के डीजे व स्पीकर जब्त करने एवं धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में बजने वाले स्पीकरों की आवाज नियंत्रित करने की मांग की है।

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/133800
DATE :- 06.06.2025 रजि. बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /3207 दिनांक 06-06-25

सार्वजनिक सूचना

श्री चन्द्रजीत शर्मा पुत्र श्री पृथ्वीजीत शर्मा निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 3 तनसुख विहार खसरा नं. 47 48 प्ला